दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान में सामग्री प्रदाय के लिए मंगाए गए निविदा

**रायगढ़।** जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, जिला रायगढ़ द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटेमुड़पार, सिसरिंगा, छर्राटांगर, हीरापुर हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा मंगाये गये है। निविदा फार्म एवं अन्य जानकारी सहित सामग्री सूची संबंधित एकलव्य जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान (सहायक आयुक्त कार्यालय, रायगढ़)से कार्यालयीन दिवसों में 5 जुलाई से 4 अगस्त 2024 तक प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक 500 रुपये नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। कार्यालय में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2024 दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### जिले में 194.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 2 जुलाई तक 194.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 27.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 231.2 मिली मीटर, पुसौर में 262.3, खरसिया में 142.8, घरघोड़ा में 202.4, तमनार में 122.2, लैलूंगा में 196.9, मुकडेगा में 236.8, धरमजयगढ़ में 135.5, छाल में 194.2 एवं कापू में 222.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### राज्यपाल हरिचंदन को रथ यात्रा के लिए दिया गया आमंत्रण

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में रायपुर उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में जगन्नाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। समिति ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गायत्री नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा महोत्सव हेतु राज्यपाल को आमंत्रण दिया। परंपरा के अनुसार राज्य के प्रथम सेवक होने के नाते हरिचंदन जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर छेरापहरा की रस्म अदा करते हैं।

### 17 कॉलेजों के लिए 80 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने राज्य के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने राज्य के 17 महाविद्यालयों के लिए 79 करोड़ 19 लाख की राशि स्वीकृत की है। यह निर्णय शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता और प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इससे राज्य के महाविद्यालयों में शिक्षा और अनुसंधान क्षमताओं में सुधार करने का अवसर मिलेगा। इस राशि का उपयोग शिक्षा सेवाओं के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए किया जायेगा। राज्य के युवाओं को नवीनतम, उन्नत और विशेषज्ञता प्राप्त करने के भी अवसर मिलेंगे।

### नगरीय निकायों के लिए 65.72 करोड़ रुपए आबंटित

**रायपुर (आरएनएस)।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के 166 नगरीय निकायों को चुंगी क्षतिपूर्ति मद के अंतर्गत कुल 65 करोड़ 72 लाख 24 हजार 500 रुपए की पार्षद निधि आबंटित की है। विभाग द्वारा राज्य की 14 नगर निगमों को 21 करोड़ 96 लाख रुपए, 44 नगर पालिकाओं को 19 करोड़ 46 लाख 24 हजार 500 रुपए और 108 नगर पंचायतों को 24 करोड़ 30 लाख रुपए जारी किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद नगरीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए चुंगी क्षतिपूर्ति मद के अंतर्गत पार्षद निधि की शेष 50 प्रतिशत राशि जारी की गई है।

### चक्रधर नगर क्षेत्र में हुई उठाईगिरी की घटना

# ओम ज्वेलर्स से सोने चांदी से भरे दो बैग छीन ले गए बाईक सवार चोर

रायगढ़

चक्रधर नगर चौक स्थित ओम ज्वेलर्स के संचालक जब दुकान बंद करने से पहले दो सोने चांदी से भरे दो बैग को घर ले जाने के लिए बाहर निकला था, उसी दौरान बाइक सवार अज्ञात युवकों द्वारा-दोनों बैग को छीनकर भाग गए। दुकान संचालक ने चक्रधर नगर पुलिस और साइबर टीम को फोन करके सूचना इघटना की दी। जानकारी मिलते ही रायगढ़ एसपी, एडिशनल एसपी, और सीएसपी तथा टीआई पहुंचे मौके पर पहुंचे। हर एंगल से जांच की जा रही है। ओम ज्वेलर्स में काम करने वाली लड़कियों से भी पूछताछ की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के चक्रधर नगर चौक में स्थित ओम ज्वेलर्स के संचालक द्वारा रोजाना की भांति वह






अपने दुकान बंद करने के दौरान दुकान में रखे सोनें चांदी के आभूषणों के अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा दूसरे स्थान पर सुरक्षित जगह में रखवाया जाता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम भी दुकान बंद करने से पहले संचालक द्वारा रोजाना की तरह अपने दुकान में रखे सोनें चांदी से भरे दो बैग तैयार करके अपने कर्मियों के माध्यम से भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि ज्वेलर्स के कर्मचारी आभूषण से भरा बैग लेकर जब निकले और कुछ दूर ही पहुंच पाये थे कि पल्सर में सवार दो लोग अचानक उनसे बैग छीनकर बाईक में ही फरार हो गए हैं। उठाईगिरी की सूचना ज्वेलर्स दुकान के संचालक द्वारा चक्रधर नगर थाने में दिये जाने पर तत्काल चक्रधर नगर पुलिस, व सायबर टीम के साथ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल मौके पर पहुंचे और आरोपियों की पतासाजी के लिये तत्काल शहर के चारो तरफ नाकेबंदी कराने के बाद चार अलग-अलग टीमें बनाकर उठाईगिरी की धरपकड़ के लिये अभियान तेज कर दिया है।

## ट्रक में लोड़ 16 टन स्क्रैप के साथ आरोपी गिरफ्तार : घरघोड़ा पुलिस ने की अवैध कबाड़ पर कार्यवाही

रायगढ़




पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा, कबाड़ जैसी गतिविधियों पर मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कल दिनांक 01.07.2024 की रात्रि थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी को मुखबीर से मिली सूचना पर गस्त दौरान थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा घरघोडा बाईपास में ट्रक क्रमांक UP 50- CT-1731 में ट्रक के चालक को अवैध कबाड़ परिवहन करते पकड़ा गया है। वाहन चालक चन्द्रशेखर यादव पिता रामपलट यादव उम्र 55 वर्ष निवासी टैनी थाना पवईन जिला आजमगढ उत्तर प्रदेश के पास कबाड़ परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं होने से विधिवत कार्यवाही करते हुये घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपित ट्रक चालक चन्द्रशेखर यादव के कब्जे से ट्रक में लोड़ लोहा, एंगल एवं अन्य लोहा के सामान वजनी करीब 16 टन स्कैप कीमती-रु.5,50,000 का मय वाहन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध इस्तगासा क्र. 01/2024 धारा 35(क)(ड) BNSS/ 303(2) BNS के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में थाना घरघोड़ा के सहायक उप निरीक्षक रामसजीवन वर्मा, आरक्षक राजेश राठौर, किशोर राठौर और चन्द्रशेखर चन्द्रकार शामिल थे।

## रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में गड्ढों का भराव कर आवागमन किया गया सुचारू

❑ भारी वाहनों के कारण लग रहा था जाम

रायगढ़

रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग पिछले दिनों हुई बारिश के कारण मार्ग में कई जगह गड्ढे हो गए थे जिसकी वजह से इस मार्ग पर भारी वाहनों को आवागमन बाधित हो रहा था। जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। ऐसी स्थिति को देखते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नगर निगम आयुक्त और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मार्ग में गड्ढों को भरते हुए आवागमन को सुचारू करने के निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात गड्ढों का भराव कर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओ पीडब्ल्यूडी मुरारी सिंह नायक ने बताया कि सड़क में गड्ढों में स्लैग का भराव किया गया है। नीचे बड़े स्लैग डाले गए हैं और सड़क को समतल किया जा रहा है। गड्ढों से पानी निकासी की व्यवस्था भी की जा रही है।



जिससे सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। गौरतलब है कि रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों, ट्रकों की आवाजाही होती है। इससे इस मार्ग में बारिश के दौरान गड्ढे में वाहनों के फसने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग रही थी। गड्ढों का भराव कर यातायात सुचारू किया गया है। नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के तत्काल पश्चात मार्ग का निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## डॉक्टर दिवस: जिले के चिकित्सक हुए सम्मानित

रायगढ़

सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में डॉक्टर दिवस का आयोजन किया गया। डॉक्टर दिवस डॉक्टरों के अनमोल सेवाओं को सम्मानित करने के लिये मनाया जाता है। स्वास्थ्य और उपचार के प्रति डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्वता के लिए उनका आभार व्यक्त करने का एक खास अवसर है, यह खास दिन डॉक्टरो और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के योगदान का सम्मान करता है साथ ही उनके नि:स्वार्थ भाव से लोगों को ठीक करने, समाज के प्रति डॉक्टरों के समर्पण और योगदान का सम्मान करने हेतु जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त डॉक्टरों को सम्मान करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया।



डॉक्टर दिवस के अवसर पर वरिष्ठ डॉक्टर डॉ.एच.उराव, डॉ एस.एस.उपाध्याय, डॉ. वाय.के. सिंदे, डॉ.पदमन पटेल, डॉ.आर. एन.मंडावी, डॉ.रूपेन्द्र पटेल जिला स्थानीय कार्यालय रायगढ़ से डॉ.टी.जी.कुलवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ.बी.पी.पटेल जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ केनन डेनियल जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, डॉ. राजेश मिश्रा आरएमएनसीएच ए, जिला चिकित्सालय से डॉ उषा किरण भगत, डॉ. सुषमा एक्का, डॉ.मीना पटेल, डॉ,प्रकाश चेतवानी, डॉ.दिनेश पटेल, डॉ राजकुमार गुप्ता, विकासखंड से डॉ.रजनी पटेल, डॉ. दिनेश नायक, डॉ.अशोक अग्रवाल, डॉ.अभिषेक पटेल विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (खरसिया), डॉ. सुरेन्द्र कुमार पैंकरा, डॉ हितेश जायसवाल विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (लोईंग), डॉ. आशीष मिंज विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (तमनार), डॉ. लखन पटेल विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (लैलूंगा), शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ..काकोली पटनायक को सम्मानित किया गया।,

## जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर ने तेजी से कार्यवाई के दिए निर्देश

रायगढ़

जिला कार्यालय के सृजन सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों से मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगों, समस्याओं और शिकायत संबंधी सभी आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए निराकरण कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम मुरालीपाली निवासी कुमारी बबीता यादव आज अपने पिता के साथ अपने पैर के ऑपरेशन के लिए आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उन्हें जन्म से ही मधुमेह की समस्या है। जिसके कारण पैर में घाव हो चुका है। डॉक्टरों को दिखाने पर मवाद होने की बात कह कर ऑपरेशन की सलाह दी गई। ऑपरेशन के बाद भी घाव ठीक नहीं होने के कारण संक्रमण बढ़ चुका है। जिससे हालात और भी खराब हो गई है एवं चलने में कठिनाई हो रही है। दोबारा जांच पर डॉक्टरों ने घुटने के नीचे पैर कटवाने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवार से हैं एवं उनके माता-पिता मजदूरी कर उनका भरण-पोषण कर रहे है। उन्होंने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल से इलाज हेतु आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को बेहतर से बेहतर इलाज करवाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया।

इसी प्रकार रायगढ़ निवासी देवेंद्र चौधरी आज अपने पुत्र का आरटीई के माध्यम से स्कूल में प्रवेश दिलाने हेतु आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने दो स्कूलों में फॉर्म भरा था। जिसमें दोनों स्कूलों में अनुमोदन कर लिया गया लेकिन वे निजी स्कूलों में पढऩा चाहते हैं। लेकिन वह स्कूल उनका फॉर्म नहीं ले रहे है। उन्होंने उक्त स्कूल में अपने पुत्र का प्रवेश दिलाने का निवेदन किया। इसी तरह रायगढ़ निवासी रजनी ध्रुव अपने भाई के प्रवेश संबंधी समस्या लेकर आई थी। उन्होंने बताया कि उनका भाई स्वामी आत्मानंद स्कूल धरमजयगढ़ से पढ़ाई किया है, लेकिन धरमजयगढ़ में कोई भी अभिभावक नहीं होने के कारण रहने में असुविधा हो रही है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से अपने भाई का दसवीं कक्षा में अध्ययन हेतु स्वामी आत्मानंद रायगढ़ में प्रवेश दिलाने का आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने तत्काल डीईओ को संबंधित आवेदन पर निराकरण करने के निर्देश दिए। संजय नगर निवासी बीना देवी आज राशन कार्ड के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वे अत्यंत गरीब हैं एवं उनके पति के आय का स्त्रोत केवल मजदूरी है, उन्होंने आग्रह किया कि उनका बीपीएल राशन कार्ड बनाया जाए। इसी तरह मोहदापारा पटेल कॉलोनी रायगढ़ निवासी पायल यादव ने बताया कि उनका आय का मुख्य स्रोत रोजी मजदूरी है, जिससे परिवार का भरण पोषण कठिनाई से हो पाती है। उन्होंने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने का निवेदन किया। इसी प्रकार नवागढ़ राजपुर निवासी सुनीता सिदार तथा ढिमरापुर वार्ड नंबर 5 निवासी मितारानी पाढ़ी ने भी राशन कार्ड बनवाने का आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने आवेदन पर आयुक्त नगर निगम को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनपद पंचायत खरसिया के ग्राम बरगढ़ निवासी नारायण प्रसाद पटेल वन विभाग के कर्मचारियों का मुख्यालय में निवास न करने की शिकायत लेकर जनदर्शन पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों के लिए आवास आवंटित है। जिसके बाद भी कोई भी कर्मचारी वहां निवासरत नहीं है। जिसके कारण जंगल का रख-रखाव नहीं हो पा रहा है। साथ ही लकड़ी बांस का खुलेआम कटाई कर बिक्री किया जा रहा है। उन्होंने कर्मचारियों के मुख्यालय में निवास करने एवं वन के उचित रख-रखाव प्रबंधन के लिए निवेदन किया। कलेक्टर गोयल ने आवेदन पर डीएफओ रायगढ़ वनमंडल को परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशत किया। नगर पंचायत पुसौर के बोरोडीपा के ग्रामीणों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्ड क्रमांक 1 व 2 में स्थित खेल मैदान में हो रहे अतिक्रमण को रोकने हेतु बाउण्ड्रीवाल की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बोरोडीपा वार्ड क्रमांक 1 व 2 में एकमात्र खेल मैदान है जहां पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसके कारण बच्चों को खेलकूद गतिविधियों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अतिक्रमण रोकने हेतु बाउण्ड्रीवाल की मांग रखी। कलेक्टर गोयल ने ग्रामीणों की आग्रह पर तहसीलदार पुसौर को विधिवत सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

## षष्ठम विधानसभा का तृतीय सत्र 22 से 26 जुलाई तक

❑ एडीएम संतन देवी जांगड़े नोडल अधिकारी नियुक्त

❑ अधिकारी-कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और नही मुख्यालय त्यागेंगे

❑ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जारी किया आदेश

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधान सभा का तृतीय सत्र 22 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक आहूत की गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले तारांकित/ अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार/ जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन को उपलब्ध कराने हेतु एडीएम संतन देवी जांगड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जांगड़े का मोबा.नं.94241-58990 एवं कार्यालय का दूरभाष नंबर 07762-222132 एवं फैक्स नंबर 07762-222291 है। कलेक्टर गोयल द्वारा जारी आदेश में विधानसभा सत्र के दौरान पत्राचार/ जानकारी निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विभागों में पदस्थ/कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे।

# स्कूलों में पाठय-पुस्तक और गणवेश वितरण करें सुनिश्चित -कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

❑ नव प्रवेशी स्कूली बच्चों के जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र जारी करने प्रकिया करें शुरु

❑ जल भराव को लेकर रहें अलर्ट, बांधों में जल स्तर की रोजाना करें रिपोर्टिंग

❑ जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने बनेगा टूरिज्म एसेट बैंक

❑ कलेक्टर गोयल ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

रायगढ़

स्कूलों में नए सत्र शुरू हो गए हैं। स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव के बाद पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरण का काम पूरा हो जाना चाहिए। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी यह काम सुनिश्चित करेंगे। उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक के दौरान जिला शिक्षाधिकारी से कही। उन्होंने साथ ही कहा कि स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों के आय, निवास और जाति प्रमाण पत्र बनाकर उनको देने हैं। इसके लिए एसडीएम और बीएमओ पहल करें। स्कूलों से जानकारी लेकर उसे ऑनलाइन अपडेट करें और सभी बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने का काम सितंबर माह तक पूरा कर लिया जाए। बच्चों की जानकारी प्रदान करने का काम शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर गोयल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फील्ड निरीक्षण के दौरान स्कूलों का भ्रमण भी अवश्य करें।

कलेक्टर गोयल ने भू-अर्जन के पश्चात रिकॉर्ड अपडेशन पर जोर देते हुए कहा कि यह कार्य प्राथमिकता से किया जाए। इसके लिए सभी विभागों से जानकारी संकलित कर उसका वेरिफिकेशन करते हुए रिकॉड्र्स को अद्यतन करने का काम किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में दर्ज प्रकरणों और समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण की तहसील वार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरण ऑनलाइन दर्ज किए जाने के साथ उन्हें निर्धारित अवधि में निराकृत करें। समय-सीमा के बाहर प्रकरण लंबित नही दिखना चाहिए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का भी समय-सीमा में निराकरण कर आवेदकों को सूचित करने के निर्देश उन्होंने दिए।

कलेक्टर गोयल ने किसानों के केसीसी निर्माण को लेकर समीक्षा की। उन्होंने ब्लॉक वार कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी से जुड़े किसानों के केसीसी निर्माण के पिछले सप्ताह की प्रगति के आंकड़े लिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी और केसीसी जारी करने वाले बैंक आपसी समन्वय से काम करें। फील्ड निरीक्षण समय से पूरा करते हुए केसीसी के लिए प्राप्त आवेदनों को निराकृत करें। अपेक्स बैंक के साथ ही अन्य बैंकों द्वारा केसीसी निराकरण की स्थिति की जानकारी उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को तैयार करके देने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने जिले में गठित एफपीओ और मंडियों की आय बढ़ाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश कृषि और मंडी बोर्ड के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर गोयल ने जिले में खाद बीज भंडारण और वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर गोयल ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति को लेकर स्वास्थ्य विभाग और जनपद पंचायत के अधिकारियों की सराहना की। साथ ही आगे भी इसी गति से कार्ड बनाने का काम जारी रखने के लिए कहा। जिससे जिले के शत-प्रतिशत नागरिकों के कार्ड बनाए जा सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के शहरी घटक की प्रगति को लेकर असंतोष जाहिर किया और काम की स्पीड बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को जिले के सभी नगरीय निकायों के आवास निर्माण की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों से कहा कि बारिश के दौरान जल जमाव को लेकर सतर्क रहें। यदि बारिश के दौरान कहीं ऐसी स्थिति बनती है तो तत्काल वहां पानी निकासी की व्यवस्था बनवाएं।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**पर्यटन को बढ़ावा देने बनाया जाएगा टूरिज्म एसेट बैंक-** कलेक्टर गोयल ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजना अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने जिले का टूरिज्म एसेट बैंक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल जिसमें ऐतिहासिक महत्व की इमारतें, प्राकृतिक व दर्शनीय स्थलों जिससे हार्ड एसेट के साथ यहां के मेले और उत्सव जैसे सॉफ्ट एसेट भी शामिल हैं। इसके साथ ही ईको टूरिज्म के दृष्टि से उपयुक्त स्थलों को भी इसमें शामिल किया जा सकता हैं। उन्होंने वन मंडल अधिकारियों के साथ सीईओ जनपदों को उनके क्षेत्र से संबंधित यह जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए।

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को लेकर रहें अलर्ट, बांधों के जलस्तर की रोजाना हो रिपोर्टिंग-** कलेक्टर गोयल ने कहा कि अभी बरसात शुरू हुई है। अधिक बारिश होने पर जिले का कुछ हिस्सा बाढ़ से प्रभावित होता है। इसको लेकर सभी संबंधित अधिकारी अलर्ट रहें। जिले में महानदी, केलो और मांड नदी के साथ बांधों के जलस्तर की निगरानी रखते हुए रोजाना रिपोर्टिंग करें। इसमें पिछले सालों के दौरान किस स्तर पर पानी पहुंचने पर बांध से पानी छोड़े जाने को लेकर अपनी तैयारी रखें। इसके लिए जरूरी सूचना तंत्र को भी एक्टिवेट रखने के निर्देश उन्होंने दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480